सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 255 | इंदौर, बुधवार 01 अप्रैल, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# 'एक राष्ट्र, एक प्रमाण पत्र' की मांग, डिजिटल एकीकरण पर दिया जोर

## -राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी

राज्यसभा सांसद डॉ सुमेर सिंह सोलंकी ने आज राज्यसभा में विशेष उल्लेख के माध्यम से देश के नागरिकों से जुड़ी एक महत्वपूर्ण समस्या को उठाते हुए 'एक राष्ट्र, एक प्रमाण पत्र' की अवधारणा को लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि वर्तमान व्यवस्था में आम नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने, शिक्षा प्राप्त करने तथा रोजगार के अवसरों का उपयोग करने के लिए अलग-अलग प्रकार के प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पड़ते हैं, जिनमें जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, निवासी प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र आदि शामिल हैं।

डॉ सोलंकी ने कहा कि इस जटिल प्रक्रिया के कारण आम नागरिकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं, जिससे उनका समय और धन दोनों व्यर्थ होता है। कई बार तकनीकी और प्रक्रियात्मक बाधाओं के चलते पात्र व्यक्ति भी सरकारी योजनाओं के




लाभ से वंचित रह जाते हैं, जो एक गंभीर चिंता का विषय है।

उन्होंने सुझाव दिया कि जन्म के समय ही प्रत्येक बच्चे का पंजीकरण एक एकीकृत डिजिटल प्रणाली में सुनिश्चित किया जाए तथा आधार के अंतर्गत एक कॉमन राष्ट्रीय डेटाबेस तैयार किया जाए। इस डेटाबेस में नागरिकों की जन्म तिथि, निवास, जाति एवं अन्य आवश्यक प्रमाणिक जानकारी सुरक्षित रूप से दर्ज की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी सरकारी सेवा या योजना का लाभ लेने के लिए अलग-अलग प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की आवश्यकता न पड़े।

डॉ सोलंकी ने अपने वक्तव्य में कहा कि इस प्रकार की व्यवस्था लागू होने से 'एक राष्ट्र, एक प्रमाण पत्र' की अवधारणा को वास्तविक रूप दिया जा सकेगा। इससे नागरिकों के जीवन में सहजता आएगी, सरकारी प्रक्रियाएं सरल और पारदर्शी होंगी तथा फर्जी प्रमाण पत्रों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि एकीकृत डिजिटल प्रणाली से न केवल प्रशासनिक कार्यों में गति आएगी, बल्कि शासन व्यवस्था अधिक जवाबदेह और पारदर्शी बनेगी। यह पहल देश में सुशासन को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो सकती है।

राज्यसभा सांसद डॉ सुमेर सिंह सोलंकी ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि इस दिशा में एक स्पष्ट और प्रभावी नीति बनाकर सभी प्रकार के प्रमाण पत्रों को एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने की ठोस पहल की जाए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह कदम माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के डिजिटल एवं पारदर्शी शासन के विजन को और अधिक सशक्त बनाएगा तथा देश के नागरिकों को सुगम और सरल सेवाएं प्रदान करने में मील का पत्थर साबित होगा।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का किया भ्रमण

# मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश मिलकर लिखेंगे सुशासन और आध्यात्मिक पर्यटन की नई इबारत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास की एक नई इबारत लिखी जा रही है। मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश की सरकारें 'विरासत के साथ विकास' के मंत्र को आत्मसात करते हुए सुशासन और धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में साझा संस्कृति विकसित कर रही हैं। यह न केवल दोनों राज्यों के संबंधों को प्रगाढ़ करेगा, बल्कि जन-कल्याण के नए मार्ग भी प्रशस्त करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह बात वाराणसी में विश्व प्रसिद्ध श्री काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर के भ्रमण के दौरान कही।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने वाराणसी भ्रमण की शुरूआत देवादिदेव महादेव श्री काशी विश्वनाथ जी के दर्शन और पूजन के साथ किया। उन्होंने मंदिर के गर्भगृह में विधि-विधान से पूजन कर मध्यप्रदेश



की जनता की खुशहाली और निरंतर प्रगति की मंगलकामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पावन गंगा घाट पहुँचकर पतित पावनी माँ गंगा के दर्शन किए। उन्होंने श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ माँ गंगा का पूजन किया और गंगाजल से आचमन किया। दर्शन और पूजन के बाद उन्होंने कहा कि बाबा विश्वनाथ के धाम में आकर जो आध्यात्मिक शांति प्राप्त होती है, वह अद्भुत है।

**काशी-महाकाल के बीच व्यवस्थाओं का साझा संगम-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को वाराणसी भ्रमण के दौरान विश्व प्रसिद्ध श्री काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर का भ्रमण किया। उन्होंने कहा कि बाबा विश्वनाथ और बाबा महाकाल के धामों के बीच व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण और सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए एक महत्वपूर्ण एमओयू (MOU) किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य दर्शनार्थियों को सुगम और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंदिर परिसर में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

**सिंहस्थ-2028 के लिए प्रबंधन का रोडमैप-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वाराणसी के अनुभवों को मध्यप्रदेश के उज्जैन में होने वाले आगामी सिंहस्थ-2028 के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताया। उन्होंने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के न्यासियों के साथ बैठक की। बैठक में प्रेजेंटेशन से कॉरिडोर में तीर्थयात्री प्रबंधन, क्राउड कंट्रोल (भीड़ प्रबंधन), दर्शन व्यवस्था और मोबाइल ऐप आधारित टोकन सिस्टम का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि प्रयागराज कुंभ और काशी कॉरिडोर के प्रबंधन से सीख लेकर हम उज्जैन में श्रद्धालुओं के लिए दूरगामी योजनाएं तैयार कर रहे हैं। श्रद्धालुओं को दर्शन की उच्चतम और सुगम व्यवस्था देना हमारा लक्ष्य है। प्रेजेंटेशन से तीर्थ स्थल प्रबंधन की एसओपी (SOP) को समझा।

### क्रीमिया में क्रैश हुआ रूस की सेना का विमान

# AN-26 हादसे में 29 लोगों की मौत



**क्रीमिया, (एजेंसी)** रूस के रक्षा मंत्रालय ने बताया है कि सैन्य परिवहन विमान क्रीमिया में दुर्घटना का शिकार हो गया। समाचार एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक रूसी सैन्य परिवहन विमान एएन-26 एक चट्टान से टकराकर क्रैश हो गया। हादसे में विमान में सवार 29 लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना संभवत: किसी तकनीकी खराबी के कारण हुई है। विमान के क्रैश होने के कारणों की पड़ताल की जा रही है।

बुधवार तड़के आई रिपोर्ट्स के मुताबिक रूस की समाचार एजेंसी- TASS ने रक्षा मंत्रालय के हवाले से बताया, स्थानीय समय के अनुसार मंगलवार शाम लगभग छह बजे (1500 GMT) क्रीमिया के ऊपर से उड़ान भरते समय विमान से संपर्क टूट गया।

क्रीमिया में जिस स्थान पर ये हादसा हुआ है, यह प्रायद्वीपीय इलाका है। काले सागर के तट तक फैली विशाल पर्वत श्रृंखलाओं से घिरे हुए इस क्षेत्र को रूस ने 2014 में अपने अधिकार में ले लिया गया था। पहले इस भूभाग पर यूक्रेन का अधिकार था। रूसी रक्षा मंत्रालय ने अभी तक इसे लेकर कोई बयान जारी नहीं किया है। एएन-26 विमान 1960 के दशक से सेवा में है और हाल के वर्षों में ये विमान कई बार दुर्घटनाओं का शिकार हो चुका है। साल 2022 में भी एक एएन-26 विमान यूक्रेन के जापोरिज्या क्षेत्र में क्रैश हुआ था। जिसमें एक व्यक्ति की मौत हुई थी। इसी तरह साल 2020 में भी ये विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ, जिसमें 27 लोगों की मौत हुई थी।

# 2019 के बाद पहली बार ईरानी तेल लेकर भारत आ रहा टैंकर

### अफ्रामैक्स पिंग शुन जहाज चार अप्रैल को पहुंचेगा गुजरात

**नई दिल्ली।** भारत को 2019 के बाद ईरान से कच्चे तेल की पहली खेप मिलने वाली है। जहाज ट्रैकिंग डाटा के अनुसार, ईरान के खार्ग द्वीप से छह लाख बैरल कच्चा तेल लेकर अफ्रामैक्स पिंग शुन जहाज गुजरात के वडीनार बंदरगाह की ओर आ रहा है। इसके चार अप्रैल तक पहुंचने की संभावना है। अमेरिका ने 2019 में ईरानी तेल पर प्रतिबंध लगा दिया था। पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण तेल की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने के लिए उसने इस प्रतिबंध को 30 दिनों के लिए हटाया है, जो 19 अप्रैल को खत्म होगा। बताया जा रहा है कि कई भारतीय रिफाइनरियों ने ईरान के साथ सौदा भी किया है। सूत्रों ने बताया कि समुद्र में जहाजों पर कुल 9.5 करोड़ बैरल ईरानी तेल मौजूद है। इसमें से भारत को 5.1 करोड़ बैरल भारत को बेचा जा सकता है। भारत के तरल ईंधन के आरक्षित भंडार केवल 20 से 40 दिनों की जरूरतों को पूरा कर सकते हैं। दिल्ली में पीएचडीसीसीआई के हाइड्रोकार्बन शिखर सम्मेलन में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड के सचिव अंजन कुमार मिश्रा ने कहा, हमारे पास तरल ईंधन का कुछ भंडार है, पर हम ऐसा भंडार नहीं बना सकते जो 6 माह चले।

निगम कमिश्नर गंदगी देख हुए नाराज

# सीएसआई-सहायक सीएसआई एवं दरोगाओं की सैलरी काटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सफाई काम में लापरवाही बरतने वाली कर्मचारियों पर नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने एक्शन ले लिया। संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश भी उन्होंने दे दिए। मंगलवार को वे शहर में सफाई व्यवस्था देखने निकले थे। झोन क्रमांक 9, 10, 15,16,17 में उन्होंने अलग-अलग वार्डों और इलाकों में सफाई व्यवस्था देखी। इन जगहों पर जहां-जहां उन्हें सफाई व्यवस्था में लापरवाही दिखी, उन्होंने इस पर कार्रवाई करने के लिए कहा।**

झोन क्रमांक 16 के गांधी नगर मेन रोड और सब्जी मंडी इलाके में कचरा और गंदगी मिलने पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई। इस पर उन्होंने जोन 16 के सीएसआई मोहित पंवार की 2 दिन की और दरोगा बबलु पारोचे की 3 दिन की सैलेरी काटने को कहा। इसके बाद जोन 9 के जंजीरवाला चौराहे से मालवा मिल चौराहे के बीच शैल्बी अस्पताल के सामने और बालीनाथ खेल प्रशाल मैदान क्षेत्र में भी कचरा और गंदगी मिलने पर उन्होंने सफाई करवाने को कहा और वार्ड 47 के दरोगा दीपक नाहर की सैलेरी काटने को कहा। झोन क्रमांक 10 में सफाई काम में लापरवाही और इलाके में अपेक्षित स्तर की सफाई व्यवस्था नहीं मिलने पर संबंधित सीएसआई और सहायक सीएसआई की 3-3 दिन की सैलरी काटने को कहा। वहीं जोन 15 के वार्ड 71 में भी साफ-सफाई संतोषजनक नहीं मिलने पर दरोगा की 2 दिन की सैलरी काटने के लिए अधिकारियों से कहा। वहीं जोन 17 के एमआर-10 ब्रिज और बिडला स्कूल के पास गन्ने के रस के दुकान संचालक द्वारा कचरा फैलाने पर चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



### 15 अधिकारी-कर्मचारी हुए सेवानिवृत

इधर, निगम सेवा में उत्कृष्ट कार्य करते हुए सेवानिवृत 15 निगम अधिकारियों-कर्मचारियों को महापौर सभाकक्ष में उपायुक्त केशव सगर, कर्मचारी यूनियन लीलाधर करोसिया, पूर्व महापौर परिषद सदस्य जवाहर मंगवानी व निगम अधिकारी कर्मचारियों के परिवारजन की उपस्थिति में भावभीनी विदाई दी। अतिथियों ने सेवानिवृत्ति अधिकारियों-कर्मचारियों का शॉल-श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया।

## पोलियो को मात देकर लगातार 4 स्वर्ण जीते



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। बेंगलुरु के कोरामंगला स्टेडियम में आयोजित पैरा ताइक्वांडो नेशनल चैंपियनशिप 2025-26 में मध्य प्रदेश की प्रतिभाशाली खिलाड़ी सपना शर्मा ने अपनी स्वर्णिम सफलता का सिलसिला जारी रखते हुए एक बार फिर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया है। यह सपना शर्मा का लगातार चौथा नेशनल गोल्ड मेडल है, जिसके साथ ही वह देश की पहली ऐसी दिव्यांग खिलाड़ी बन गई हैं जिन्होंने खेल जगत में यह विशिष्ट उपलब्धि हासिल की है। इंदौर की रहने वाली सपना की इस ऐतिहासिक जीत ने न केवल उनके शहर बल्कि पूरे प्रदेश का मान बढ़ाया है। इस दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन 28 और 29 मार्च को किया गया था, जिसमें देशभर के लगभग 70 खिलाड़ियों ने अपना कौशल दिखाया। फाइनल मुकाबले में सपना शर्मा ने अपनी बेहतरीन तकनीक और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए प्रतिद्वंद्वियों को पस्त कर दिया। कड़े मुकाबले में तेलंगाना की ममता को रजत पदक से संतोष करना पड़ा, जबकि कृष्णवेणी ने कांस्य पदक हासिल किया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान सपना का प्रदर्शन इतना प्रभावी रहा कि उन्होंने हर राउंड में अपना दबदबा बनाए रखा और स्वर्ण पदक पर अपना नाम दर्ज कराया। सपना शर्मा की सफलता की यह कहानी जितनी सुखद है, उनका सफर उतना ही चुनौतीपूर्ण रहा है। दोनों पैरों में पोलियो होने के बावजूद सपना ने शारीरिक अक्षमता को कभी अपने सपनों के आड़े नहीं आने दिया। ताइक्वांडो से पहले वह टेबल टेनिस में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं और आर्म रेसलिंग में भी राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत चुकी हैं। उनकी यह यात्रा आर्थिक कठिनाइयों और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच निरंतर अभ्यास की मिसाल है। सपना का मानना है कि यदि इरादे मजबूत हों, तो शारीरिक बाधाएं सफलता का रास्ता नहीं रोक सकतीं। सपना अपनी सफलता का श्रेय अपनी मेहनत, आत्मविश्वास और कभी हार न मानने वाले जज्बे को देती हैं। वह किसी अन्य के बजाय अपनी खुद की जिंदगी और संघर्षों को अपना रोल मॉडल मानती हैं। उनके परिवार में पति संजय वर्मा और बेटी हनाया हैं, जो उनके इस कठिन सफर में हमेशा साथ खड़े रहे हैं। सपना का कहना है कि उन्होंने जो कुछ भी सीखा है, अपनी परिस्थितियों से ही सीखा है। वह उन सभी खिलाड़ियों से प्रेरणा लेती हैं जो विपरीत हालातों के बावजूद देश के लिए मेडल जीतकर लाते हैं। सपना शर्मा अब अपनी इस सफलता को अंतरराष्ट्रीय पटल पर ले जाना चाहती हैं। वह पहले भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुकी हैं, हालांकि कई बार आर्थिक कारणों से वह चयन होने के बाद भी विदेशी दौरों पर नहीं जा सकीं। लेकिन इन असफलताओं ने उन्हें और अधिक मजबूत बनाया है। अब उनका एकमात्र लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत के लिए अधिक से अधिक स्वर्ण पदक जीतना और देश का गौरव बढ़ाना है। वह कहती हैं कि वह गिरकर संभलने और हर बार पहले से अधिक मजबूत होकर उभरने में विश्वास रखती हैं।

## आज से दूध भी महंगा...₹5 लीटर तक बढ़ेंगे दाम

**इंदौर में 3, धार में 4 रुपए का इजाफा**

**इंदौर। महंगाई की मार अब आम आदमी की रसोई तक पहुंच गई है। नए वित्तीय वर्ष यानी 1 अप्रैल से इंदौर सहित मध्य प्रदेश के कई बड़े शहरों में दूध के दामों में भारी बढ़ोतरी होने जा रही है। इंदौर में दूध की कीमतों में 3 रुपए प्रति लीटर तक का इजाफा किया गया है, जिससे अब दूध 63 से 65 रुपए प्रति लीटर के भाव पर मिलेगा।**



दूध विक्रेताओं ने नई दरों का एलान कर दिया है। इंदौर में जहां 3 रुपए की बढ़ोतरी हुई है, वहीं पड़ोसी जिले धार में कीमतें 4 रुपए प्रति लीटर तक बढ़ा दी गई हैं। मप्र दुग्ध विक्रेता महासंघ के अध्यक्ष भारत मथुरावाला के अनुसार, केवल इंदौर ही नहीं, बल्कि भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, देवास और बड़वाह जैसे शहरों में भी 2 से 4 रुपए तक की बढ़ोतरी की जाएगी। संघ का कहना है कि अगर पशु आहार जैसे कपास खली, चारा और भूसे के दाम बढ़ते रहे तो भविष्य में फिर से कीमतों पर विचार किया जा सकता है।

**आज से महंगे होंगे ब्रेड-बिस्किट और जूते-चप्पल-** ईरान-इजराइल-अमेरिका युद्ध का असर आम जनता पर पड़ रहा है। कच्चे तेल की कीमत बढ़ने से पेट्रोकेमिकल बायप्रोडक्ट महंगे हुए हैं। सप्लाई चेन बाधित होने से रॉ मटेरियल की कमी है। 1 अप्रैल से दैनिक इस्तेमाल की कई चीजों के दाम बढ़ेंगे।

मध्यप्रदेश एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज के अनुसार कीमतों में 20–25% तक बढ़ोतरी होगी। ब्रेड, बिस्किट, जूते-चप्पल, प्लास्टिक उत्पाद समेत अन्य वस्तुएं महंगी होंगी और कंपनियां नए रेट लागू करेंगी। बिस्किट 5 से 6 रुपए, ब्रेड 30 से 35 रुपए, चप्पल 100 से 120 रुपए और 1 किलो सर्फ 15–20 रुपए महंगा होगा।-लवलवलव एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज, मध्यप्रदेश के अध्यक्ष योगेश मेहता ने बताया कि एलपीजी सप्लाई प्रभावित होने से उद्योगों पर असर पड़ा है। क्रूड ऑयल आधारित केमिकल और रॉ मटेरियल महंगे हो गए हैं, जिनकी कीमत 200–300% तक बढ़ी है, जिससे लागत और संचालन प्रभावित है। पुराना स्टॉक मार्च तक चलेगा। इसके बाद 1 अप्रैल से नए रेट लागू होंगे। अप्रैल से जूते-चप्पल, प्लास्टिक, केमिकल, सर्फ, सोडा और साबुन महंगे होंगे।

## टायर पंचर होने का फायदा उठाकर बदमाशों ने सोने की चेन लूट ली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एबी रोड हाईवे पर लूट की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। टायर पंचर होने का फायदा उठाकर बदमाशों ने युवक को धमकाते हुए उसके गले से सोने की चेन लूट ली और फरार हो गए।**

किशनगंज थाना पुलिस के मुताबिक जय माँ अम्बे सोसायटी, महादेव दाहोद (गुजरात) निवासी रोहन पाटीदार (23) अपने दोस्तों के साथ ढाबे से खाना खाकर कार से लौट रहा था। 30 मार्च की सुबह करीब 4:05 बजे धानुका कोल्ड स्टोर के सामने एबी रोड पर उसकी कार का पिछला टायर अचानक फट गया। गाड़ी का संतुलन बिगड़ने पर उसने कार साइड में खड़ी कर दी। इसी दौरान पीछे से सफेद कार में सवार तीन बदमाश वहां पहुंचे। उनके हाथ में हथियार थे। एक बदमाश ने लोहे की रॉड दिखाकर सभी को धमकाया और रोहन के गले से करीब 200 ग्राम सोने की चेन छीन ली। बदमाश नकदी और अन्य सामान लेकर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद रोहन और उसके साथी थाने पहुंचे और पूरी घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि रोहन मूल रूप से गुजरात का रहने वाला है और फिलहाल इंदौर में रहकर वीडियोग्राफी का काम करता है।

## वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन सरकारी खजाने में बरसा धन

**पंजीयन कार्यालय में रही भीड़**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में मंगलवार को वित्तीय वर्ष का अंतिम दिन था और सरकारी विभागों के खजानों में देर रात तक धन वर्षा होती रही। सबसे ज्यादा असर शहर के पंजीयन कार्यालयों में देखा गया। 1 अप्रैल से शहर में नई प्रॉपर्टी गाइडलाइन लागू होगी। नई गाइडलाइन के हिसाब से स्टांप ड्यूटी भी बढ़ जाएगी। इससे बचने के लिए लोगों ने 31 मार्च को अपनी संपत्तियों की रजिस्ट्री कराई।**

पंजीयन विभाग ने इसके लिए मुख्य कार्यालय व क्षेत्रीय पंजीयन कार्यालयों पर व्यवस्था कर रखी थी। साल के अंतिम दिन स्टांप ड्यूटी की बिक्री से करोड़ों रुपये का राजस्व जमा हुआ। प्रदेश में सबसे ज्यादा रजिस्ट्री इंदौर में हुई। इसके अलावा नगर निगम के मुख्यालय के कैश काउंटरों व जोनल कार्यालयों पर भी लोग साल के अंतिम दिन संपत्तिकर जमा करते हुए नजर आए। 1 अप्रैल से कई शहरों में नए रेट जोन के हिसाब से संपत्तिकर की गणना होगी। नगर निगम ने बकाया संपत्तिकर धारकों के लिए छूट भी दे रखी है। इसका कई लोगों ने फायदा उठाया।



निगम मुख्यालय के अलावा जोनल कार्यालयों पर जाकर भी लोगों ने टैक्स जमा कराया। इसके अलावा इंदौर विकास प्राधिकरण, आयकर विभाग में भी साल के अंतिम दिन लोगों ने टैक्स व बकाया राशि जमा कराई है। इंदौर में 1 अप्रैल से ढाई हजार से ज्यादा लोकेशनों पर कलेक्टर गाइडलाइन के हिसाब से सौदे होंगे। जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में इस वृद्धि को मंजूरी दी गई। शहर की 270 नई कॉलोनियों को कलेक्टर गाइडलाइन में शामिल किया गया है। पहले कृषि भूमि के हिसाब से गांवों में सौदे होते थे, लेकिन अब वहां नई टाउनशिप विकसित हो चुकी है। अब वहां नई दरों के हिसाब से सौदे होंगे। इनमें सुपर कॉरिडोर, हातोद, इंदौर-उज्जैन रोड, खंडवा रोड के इलाके शामिल हैं।

# ड्यूटी लगाने और हटाने के नाम पर स्टाफ से अवैध वसूली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **पूर्वी ट्रैफिक इलाके में भ्रष्टाचार और स्टाफ प्रताड़ना को लेकर एक गंभीर गुप्त शिकायत सामने आई है। शिकायत पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह तक पहुंची है, जिसमें ट्रैफिक के एक टीआई, एक एसआई और एक एचसीएम पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं।**

बताया जा रहा है कि ड्यूटी लगाने और हटाने के नाम पर स्टाफ से अवैध वसूली की जा रही है। कई मामलों में ऑनलाइन पेमेंट तक लेने के आरोप हैं, जिनके स्क्रीनशॉट भी शिकायत के साथ दिए गए हैं। पुलिस कमिश्नर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। फिलहाल यह जांच गोपनीय तरीके से की जा रही है और वरिष्ठ अधिकारी खुलकर कुछ भी कहने से बच रहे हैं। शिकायत में यह भी दावा किया गया है कि आरोपियों की प्रताड़ना से परेशान होकर ट्रैफिक की तीन महिला पुलिसकर्मियों ने आत्महत्या का प्रयास किया। हालांकि, इस मामले की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।

हाल ही में अरबिंदो अस्पताल क्षेत्र की पुलिस चौकी पर अवैध लेनदेन की शिकायत राजेश सिंह तक पहुंची थी। इसके बाद चौकी हटवा दी गई और पुलिसकर्मियों को सड़क पर ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए थे। मामले में डीसीपी राजेश त्रिपाठी ने कहा कि यह शिकायत झूठी और भ्रामक है। हम शिकायतकर्ता के खिलाफ जानकारी जुटा रहे हैं। शिकायत में लिखी कई बातें पूर्व की हैं, जिन पर कार्रवाई की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि रोटेशन सिस्टम लागू किया गया है, ताकि सभी जवानों अलग-अलग जगह काम करने का समान अवसर मिले। वहीं एडीशनल डीसीपी नरेश बाबू अनोटिया ने इस मामले में डीसीपी से बात करने की बात कही। दूसरी ओर एडीशनल कमिश्नर राजेश सिंह ने ऐसी किसी शिकायत की जानकारी होने से इनकार किया है। सीएम की वीआईपी ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले एक ट्रैफिक टीआई को वरिष्ठ अधिकारियों ने सस्पेंड किया है। आरोप है कि टीआई सीएम ड्यूटी में ही गैरहाजिर थे। उन्हें जो जिम्मेदारियां दी थीं वे पूरी ही नहीं कर पाए। डीसीपी ट्रैफिक राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि कार्य में लापरवाही बरतने के चलते टीआई राहुल राजपूत को सस्पेंड किया है।

इसके पूर्व वे द्वारकापुरी थाने में भी पदस्थ थे, लेकिन यहां भी ड्यूटी में वे कई बार लापरवाहियां बरत चुके थे। थाने के बाहर एक बाइक सवार से मारपीट कर लूट की घटना में इन्हें द्वारकापुरी थाने से भी लाइन अटैच किया जा चुका था। इस बार इन्हें सीएम डॉ. मोहन यादव के इंदौर प्रवास पर होने के दौरान टीआई राजपूत को बापट चौराहे पर विशेष इंतजाम के तहत ड्यूटी के निर्देश थे, लेकिन वे गैरहाजिर रहे। इस पर पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने उन्हें सस्पेंड करने के आदेश दिए।

## पावर हाउस के कर्मचारी को पीटा, वायरलेस सेट छीना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। बाणगंगा थाना क्षेत्र में पावर हाउस पर तैनात कर्मचारी के साथ बदमाशों द्वारा सोमवार रात गुंडागर्दी और मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पहले विवाद किया फिर पत्थर मारकर घायल कर दिया और साथियों को बुलाकर हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक, अलवासा निवासी प्रकाश पंवार नरवल पेट्रोल पंप के पास स्थित पावर हाउस में ड्यूटी पर थे। 29 मार्च की रात करीब 9 बजे एक युवक बिना नंबर की बाइक से वहां पहुंचा और ड्यूटी पर कौन-कौन है, इसकी जानकारी लेने लगा। प्रकाश ने बाइक सवार से पूछा कि तुम कौन हो और तुम्हें इस बात से क्या लेना तो आरोपी जबरन अंदर घुसने लगा। इसी दौरान प्रकाश ने उसे रोका और अपने अधिकारी से वायरलेस सेट बात करने के लिए कहा तभी आरोपी ने वायरलेस छीनकर फेंक दिया और अश्लील गालियां देने लगा। विरोध करने पर उसने पत्थर मार दिया, जिससे कर्मचारी के सिर में चोट आई। इसके बाद आरोपी अपने अन्य साथियों को लेकर वापस आया और सभी ने मिलकर प्रकाश के साथ मारपीट की। शोर सुनकर अन्य स्टाफ मौके पर पहुंचा तो बदमाश भाग निकले। घटना के दौरान आरोपी अपनी बिना नंबर की बाइक मौके पर ही छोड़ गए, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है।

भगवान महावीर जन्म कल्याणक जुलूस

## जियो और जीने दो... के दिव्य संदेश के साथ विश्व शांति की मंगल कामना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **श्वेतांबर जैन महासंघ न्यास के तत्वावधान में भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव का जुलूस "जियो और जीने दो" के दिव्य संदेश के साथ विश्व शांति की मंगल कामना करते हुए निकाला जा रहा है।**



न्यास के महासचिव ललित छजलानी और संतोष मामा ने बताया कि अध्यक्ष विजय मेहता के नेतृत्व एवं वरिष्ठ मनीष सुराणा के मार्गदर्शन में निकाला जा रहा है। इसके पूर्व राजवाड़ा पर नाकोड़ा जैन कॉन्फ्रेंस द्वारा नवकारसी की व्यवस्था की गई थी। जुलूस राजवाड़ा से प्रारंभ होकर खजूरी बाजार, गोराकुंड, बड़ा गणपति और महावीर बाग होते हुए दलाल बगीची पहुंचेगा, जहां यह धर्मसभा में परिवर्तित होगा। यहां आचार्य पूज्य श्री विश्वरतन सागरसुरिश्वरजी के सुशिष्य प्रखर प्रवचनकार श्री लब्धिरत्न सागरजी, श्री सोहमरत्न सागरजी, श्री चैतन्य मुनि, केवल्य मुनि, अभीग्रहधारी श्री राजेश मुनि, सौरभ मुनि और विकसित मुनि सहित इंदौर में विराजित सभी साधु-साध्वी भगवंतों की पावन निश्रा में धर्मसभा संपन्न होगी। इसके बाद मुख्य लाभार्थी वीरेंद्र छिंगावत एवं समाजजनों के सहयोग से स्वामी वात्सल्य का आयोजन किया जाएगा। सहमहासचिव विजय ललवानी और सचिव सुधीर सेठिया ने बताया कि जुलूस में इंदौर के विभिन्न उपनगरों से बड़ी संख्या में समाजजन शामिल होकर पूरे मार्ग पर पैदल चलेंगे। इसमें बैंड-बाजे, हाथी-घोड़े, 108 भक्तों के साथ भगवान का रजत रथ, तीन भव्य झांकियां, 63 महिला मंडल, पंजाबी ढोल ग्रुप, आदिवासी और साउथ इंडियन नृत्य मंडलियां प्रस्तुति देंगी। जुलूस के दौरान मार्ग अवरुद्ध न हो, इसके लिए पेयजल के अलावा अन्य खाद्य पदार्थों के वितरण से परहेज और सीमित मंच निर्माण का आग्रह सामाजिक संस्थाओं से किया गया है। महावीर जन्म कल्याणक के पावन अवसर पर रथयात्रा से पूर्व इस वर्ष भी नवकारसी (गौतम प्रसादी) का आयोजन किया गया। श्री नाकोड़ा जैन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अक्षय जैन और प्रदेश समन्वयक सौरभ कोठारी ने बताया कि इस बार 5 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी की व्यवस्था का लक्ष्य रखा है।

## कोचिंग में घुसा और हाथ पकड़कर बाहर ले गया

इंदौर। संयोगितागंज थाना क्षेत्र में एक नर्सिंग कोचिंग क्लास में घुसकर युवक द्वारा छात्रा से छेड़छाड़ और धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक 19 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर आरोपी अभिषेक चौरे के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी उसके साथ तीन साल पहले स्कूल में पढ़ चुका है और उसे पहले से जानता है। सोमवार दोपहर वह टार्गेट नर्सिंग कोचिंग में थी, तभी आरोपी अंदर घुस आया। उसने छात्रा का नाम लेकर आवाज लगाई और हाथ पकड़कर जबरन बाहर ले गया। इस दौरान उसने छात्रा का मोबाइल छीनकर फेंक दिया। शोर सुनकर कोचिंग के शिक्षक और स्टाफ मौके पर पहुंच गए। इस पर आरोपी ने छात्रा को धमकी दी कि वह उसे पसंद करता है, अगर बात नहीं की तो जान से खत्म कर देगा। घटना के बाद पीड़िता ने परिवार को सूचना दी और थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

## एमआईसी मेंबर ने कर्मचारी को रिश्वत लेते पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। एमआईसी मेंबर मनीष शर्मा मामा ने मंगलवार को कर्मचारी को रिश्वत लेते पकड़ा। यह मामला जोन क्रमांक 11 के इदरीश नगर का है, जहां ड्रेनेज सेफ्टी टैंक को खाली करने के नाम पर 1500 रुपए कर्मचारियों द्वारा अलग से मांगे गए थे, जबकि जिनके यहां पर सेफ्टी टैंक खाली होना था वह पहले ही नगर निगम की रसीद कटा चुके थे। हालांकि अभी ये स्पष्ट नहीं हुआ है कि कर्मचारी नगर निगम का है या ठेकेदार का है। कर्मचारियों ने जब रुपए मांगे तो संबंधित व्यक्ति ने एमआईसी मेंबर को इसकी जानकारी दी। सूचना पर एमआईसी मेंबर मौके पर पहुंचे



और पूरा मामला जाना। उन्होंने मौके से ही वायरलेस और फोन के माध्यम से झोनल अधिकारी और संबंधित ठेकेदार से बातचीत की और जानकारी निकाली की रसीद कटाने के बाद भी 1500 रुपए लगते हैं क्या ? जोनल अधिकारी ने बताया कि केवल रसीद के ही पैसे लगते हैं तो एमआईसी मेंबर ने संबंधित ठेकेदार से भी बात कर उन्हें समझाया कि इससे नगर निगम का नाम खराब होता है। इस घटनाक्रम का वीडियो भी उन्होंने बनाया।

मनीष शर्मा ने बताया कि उन्हें इदरीश नगर से कॉल आया, जहां सेफ्टी टैंक खाली कराने के लिए 1500 रुपए की रसीद कटने के बावजूद अतिरिक्त पैसे की मांग की जा रही थी और दबाव बनाया जा रहा था। उन्होंने जब फोन पर इस बारे में बात की तो सामने वाले उनसे भी अभद्रता करने लगे। इसके बाद वे खुद मौके पर पहुंचे, जहां उनके साथी पहले ही 1500 रुपए दे चुके थे। उन्होंने नगर निगम और जोनल अधिकारी से बात कर पूछा कि रसीद कटने के बाद भी क्या अलग से भुगतान करना होता है। साथ ही संबंधित ठेकेदार टुटेजा से भी संपर्क किया। मनीष शर्मा ने बताया कि पूरा मामला अधिकारियों के संज्ञान में दे दिया गया है और अब आगे की कार्रवाई उन्हीं के स्तर पर होगी। एमआईसी मेंबर ने कहा कि जहां भी उन्हें शिकायत मिलती है, वे खुद मौके पर पहुंचकर जांच करते हैं। यदि कहीं इस तरह के मामले सामने आते हैं, तो वे तुरंत कार्रवाई करवाते हैं। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर वे नगर निगम कमिश्नर और महापौर से भी चर्चा करेंगे।

# एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन भविष्य की संभावनाओं को प्रदान करेगा मजबूत आधार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश साझा विरासत के साथ बढ़ रहे हैं आगे

- दृढ़ संकल्प और सतत् प्रयासों से मध्यप्रदेश हुआ नक्सल मुक्त
- विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट और महाकालेश्वर मंदिर ट्रस्ट के मध्य हुआ एमओयू




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि काशी विश्वनाथ धाम दुनिया के सात पवित्र स्थानों में शामिल है, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का कर्मक्षेत्र भी है। उनके नेतृत्व में देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत सशक्त राष्ट्र बनकर उभरा है, जो स्थिरता, संभावनाओं और भरोसे का प्रतीक है। उनके नेतृत्व में हम विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं। वाराणसी की तरह उज्जैन भी धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से विशेष महत्व रखता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा दोनों ही शहरों में धार्मिक पर्यटन की बड़ी संभावनाओं को देखते हुए विकास कार्यों की शुरुआत की गई है। दोनों राज्यों के बीच भौगोलिक रिश्ते होने के साथ सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक संबंध रहे हैं। उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश साझा विरासत के साथ आगे बढ़ रहे हैं। इस क्रम में आज आयोजित एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन भविष्य की संभावनाओं को आधार प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को बनारस में एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश की औद्योगिक क्षमताओं, पारम्परिक शिल्प, ओडीओपी और जीआई टैग उत्पादों, कृषि एवं खाद्य उत्पादों, निवेश अवसरों और पर्यटन संभावनाओं को एक साझा मंच देने के उद्देश्य से आयोजित सहयोग सम्मेलन का वाराणसी के होटल रामाडा में दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में काशी विश्वनाथ विशिष्ट क्षेत्र विकास प्राधिकरण एवं श्री महाकाल मंदिर प्रबंधन समिति तथा ओडीओपी की पहल को मजबूत करने, स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने तथा अंतर्राज्यीय सहयोग के माध्यम से आर्थिक विकास को गति प्रदान करने के लिये उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश के मध्य 2 महत्वपूर्ण एमओयू हुए। सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का उत्तर प्रदेश की विभिन्न औद्योगिक संस्थाओं के पदाधिकारियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया।

### केन्द्रीय मंत्री श्री शाह के संकल्प से देश ने किया लाल सलाम को आखिरी सलाम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के संकल्प से देश ने लाल सलाम को आखिरी सलाम किया है। नक्सलवाद लोकतंत्र की स्थापना के लिए बड़ी चुनौती था। मध्यप्रदेश अब नक्सल मुक्त हो चुका है। इससे प्रदेश के विकास और औद्योगिक गतिविधियों का विस्तार होगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में सुशासन के नये प्रतिमान स्थापित किए है। उत्तर प्रदेश के अधिकारियों ने भी कानून-व्यवस्था के साथ विकास की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है।

### केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना दोनों राज्यों के लिए महत्वपूर्ण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश अपनी नीति आधारित पारदर्शिता, उद्योगों के लिए उपलब्ध विशाल भूमि बैंक, विश्वसनीय बिजली आपूर्ति, बेहतर कनेक्टिविटी और निवेशक हितैषी वातावरण के साथ नए अवसरों का केन्द्र बन रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना के कार्यों की शुरुआत हुई है। इसका लाभ मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड और उत्तर प्रदेश के जिलों को भी मिलेगा। यह परियोजना सिंचाई के साथ पेयजल सुविधा भी उपलब्ध कराएगी। मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों के लिए यह स्थिति नये प्रयासों और नये सहयोग की दिशा में महत्वपूर्ण संभावनाएं पैदा कर रही है। मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश मिलकर मुरैना में 2000 मेगावॉट के सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में सिंहस्थ के आयोजन के लिए हर तरह के प्रबंधन की तैयारियां चल रही है। प्रयागराज में ऐतिहासिक महाकुंभ के आयोजन की व्यवस्थाओं के अध्ययन से सिंहस्थ के बेहतर प्रबंधन में मदद मिलेगी। इस संदर्भ में आज विश्वनाथ कॉरिडोर की व्यवस्थाओं को भी समझा है।

## पोल्ट्री फार्म में चल रही एमडी ड्रग फैक्ट्री पकड़ी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम, एजेंसी। रतलाम के पिपलौदा के बोरखेड़ा गांव में सोमवार रात पुलिस ने पोल्ट्री फार्म में संचालित अवैध मादक पदार्थ एमडी बनाने की फैक्ट्री पकड़ी। पोल्ट्री फार्म से 20 लाख रुपए की 200 किलो एमडी के साथ एमडी बनाने का केमिकल व अन्य सामग्री मिली है। केमिकल, एक बोलेरो व अन्य सामान मिलाकर करीब 80 लाख की सामग्री जब्त की गई है।**

पोल्ट्री फार्म से 4 लोगों को गिरफ्तार किया है, जो एमडी बनाने के काम में शामिल थे। मुख्य सरगना राजस्थान के देवल्दी का रहने वाला है। वह मंदसौर पुलिस से फरार चलते हुए रतलाम में छिपकर अवैध रूप से एमडी बनाने का कारखाना संचालित कर रहा था। एसपी अमित कुमार ने एमडी बनाने की फैक्ट्री का खुलासा मंगलवार दोपहर पुलिस कंट्रोल रुम पर किया। एसपी कुमार ने बताया तीन से चार दिन पहले सूचना मिली थी कि बोरखेड़ा स्थित एक पोल्ट्री फार्म पर अवैध रूप से एमडी बनाने का कारखाना संचालित किया जा रहा है। सूचना के आधार प्लान बनाकर टीम बनाई। एएसपी विवेक कुमार लाल, जावरा एसडीओपी संदीप मालवीय के नेतृत्व में सायबर सेल, थाना पिपलौदा, थाना जावरा शहर व थाना औद्योगिक क्षेत्र जावरा की संयुक्त टीम बनाई।

## बीना विधायक बोलीं- मैं कांग्रेस में ही हूं



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

जबलपुर, एजेंसी। सागर जिले की बीना विधानसभा से विधायक निर्मला सप्रे के खिलाफ हाईकोर्ट में दायर याचिका पर मंगलवार को फिर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान निर्मला सप्रे ने कोर्ट के समक्ष कहा कि मैं अब भी कांग्रेस में हूं। इस बयान को कोर्ट ने रिकार्ड में लेते हुए याचिकाकर्ता नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार को सबूत पेश करने के लिए समय दिया है। अगली सुनवाई 20 अप्रैल को होगी। उमंग सिंघार 9 अप्रैल तक पार्टी व्हिप की प्रतियां हाईकोर्ट में पेश करेंगे। इसी दिन विधानसभा स्पीकर के सामने अहम सुनवाई होगी। दरअसल, बीना विधानसभा सीट से निर्मला सप्रे ने कांग्रेस में रहने हुए चुनाव जीता था। 5 मई 2024 को लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान निर्मला सप्रे ने कांग्रेस को छोड़कर भाजपा ज्वाइन कर ली। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने बीना विधायक की सदस्यता समाप्त करने के लिए विधानसभा स्पीकर के समक्ष याचिका दायर की थी। आरोप लगाया कि संविधान की 10वीं अनुसूची के तहत पार्टी बदलने पर विधायक की सदस्यता स्वत समाप्त हो जाती है, लेकिन जब इस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया तो उमंग सिंघार ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की।

## विधायक टी. राजा बोले-

# मप्र में नहीं बनेगी भगवाधारी सरकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। तेलंगाना की गोशामहल सीट से विधायक टी राजा ने कहा है कि मध्य प्रदेश में तेजी से धर्मांतरण बढ़ रहा है। अगर इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो धीरे-धीरे आदिवासी और हिंदू समाज खत्म हो जाएगा। हमारे मुख्यमंत्री जी को इस पर विचार करना चाहिए कि क्या भगवाधारी सरकार फिर जीत पाएगी।**

राजा ने कहा- हिंदू समाज के लोगों ने मिलकर भगवा सरकार को जिताया है। फिर भी धर्मांतरण नहीं रोक पा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में अगर कोई हमारी बहन-बेटी को आंख उठाकर भी देखता है, तो सख्त कार्रवाई होती है। आज हम सबको मिलकर मोहन भैया से निवेदन करना है कि हर बहन-बेटी की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने यह बात जबलपुर में मंगलवार को कही, जहां वे हिंदू सेवा परिषद की गदा यात्रा में शामिल होने पहुंचे थे। उन्होंने नौदरा ब्रिज चौराहे पर सभा को संबोधित करते हुए कहा- आज जो यह गदा यात्रा निकाली जा रही है, उसका सिर्फ एक उद्देश्य है कि हम सभी को हनुमानजी जैसा बनना चाहिए। घर में घुसकर मारने की आज जरूरत आन पड़ी है। हम सबको मिलकर उसी राह पर चलना है। आने वाला समय युद्ध का होगा और हमें अपने ही देश, अपने ही



प्रदेश में रह रहे लोगों से लड़ना होगा। अगर आज हमने युद्ध की तैयारी नहीं की, तो आने वाले समय में हमारी पीढ़ी गुलाम हो जाएगी। विधायक टी. राजा ने कहा- मध्य प्रदेश में धर्मांतरण को लेकर कानून बना हुआ है। अगर हमारे आदिवासी भाइयों, माताओं-बहनों का कोई धर्मांतरण करवाता है तो उसे सख्त से सख्त सजा दिलवाई जाएगी। इसका प्रावधान भी है, लेकिन आज भी प्रदेश में अनेक हिंदुओं का धर्मांतरण किया जा रहा है। कुछ दिन पहले धर्मांतरण को रोकने के लिए एक चर्च में हिंदू सेवा परिषद के कार्यकर्ताओं ने तोड़फोड़ की थी। इसके बाद कार्यकर्ताओं को डराया-धमकाया गया। हिंदू सेवा परिषद जो काम कर रही है, उससे वह आपके वोट बैंक को मजबूत कर रही है।

## 'फ्रीबीज योजनाएं बंद हो, यह हानिकारक है ', कांग्रेस विधायक हेमंत कटारे ने कहा- इससे महिलाएं सशक्त नहीं हो रहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में तीन राज्यों के युवा विधायकों का सम्मेलन चल रहा है। इस सम्मेलन में एमपी, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के युवा विधायक आए हुए हैं। एमपी कांग्रेस के युवा विधायक हेमंत कटारे ने इस सम्मेलन में अपनी बात रखी है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए फ्रीबीज योजनाएं ठीक नहीं हैं। उनके खाते में पैसे डालने से वह सशक्त नहीं हो रही हैं। कांग्रेस विधायक हेमंत कटारे ने कहा कि हम जनप्रतिनिधि होने के बाद बहुत कमजोर हो जाते हैं। लेकिन पूरे देश के लिए हम एक बात कहना चाहेंगे। हम कई बार बोलने से पहले यह सोचते हैं कि ऐसा कह दिया तो ये और वो वर्ग नाराज हो जाएगा। मैंने ऐसा बोल दिया तो महिलाएं नाराज हो जाएंगी। अगर हम नाराजगी से घबराते रहें तो देश की सेवा कब करेंगे। वहीं, हेमंत कटारे ने कहा कि जितनी भी फ्रीबीज योजनाएं हैं, ये बंद होनी चाहिए। मैं यहां भी कह रहा हूं और यहां से बाहर भी कहूंगा। उन्होंने कहा कि मैं जो कहता हूं, उससे मुकरता नहीं हूं। हम कहते हैं कि महिलाओं के खाते में रुपए डालकर उन्हें सशक्त बना रहे हैं। आप कैसे सशक्त बना रहे हैं। आप उनकी खातों में 10000 रुपए डालकर कह रहे हैं कि वो सशक्त हैं। वो सशक्त नहीं हैं।

ज्ञान-विज्ञान

## संपादकीय

### विदेशी रडार नहीं, अब भारतीय तकनीक देगी दुश्मनों को जवाब

ईरान और इजरायल के बीच भीषण जंग चल रही है, जिसमें अमेरिका इजरायल के पीछे दीवार बनकर खड़ा है। ऐसे में भारत ने अपनी हवाई बॉर्डर सिक्योरिटी को मजबूत करने के लिए 'बिग डील' कर डाली है। सबसे खास बात तो यह है कि यह डील किसी विदेशी कंपनी के साथ नहीं, बल्कि भारतीय कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड यानी बीईएल के साथ हुई है। ये मेगा डील 1950 करोड़ रुपये की है। डील के तहत संवेदनशील बॉर्डर वाले इलाकों को मजबूत करने के लिए कम ऊंचाई वाले ट्रांसपोर्टेबल रडार की खरीद की जाएगी। ये डील खासतौर पर पहाड़ी इलाके को फायदा पहुंचाएगी, जहां कम ऊंचाई वाले ये रडार लगाए जाएंगे। ऊंचे पहाड़ी और दुर्गम इलाकों में कम ऊंचाई पर उड़ने वाले हवाई खतरों से निपटने में मदद मिलेगी। विमान, हेलिकॉप्टर और ड्रोन का पता लगाने और उन पर नजर रखने की क्षमता मजबूत होगी। भारत के ऐसे इलाके, जहां अक्सर पारंपरिक रडार कवरेज सीमित होता है, वहां ताकत बढ़ेगी। चीन और पाकिस्तान की सीमा से लगे क्षेत्रों में निगरानी और समय पर चेतावनी (Early Warning) देने में सहायता होगी। रक्षा निर्माण प्रयासों को दे रहे बढ़ावा यह अनुबंध भारत के घरेलू रक्षा निर्माण प्रयासों को भी बढ़ावा देता है, जिसमें सरकारी स्वामित्व वाली रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स की प्रमुख कंपनी BEL, स्वदेशी निगरानी और वायु रक्षा प्रणालियों के निर्माण में अपनी केंद्रीय भूमिका निभाना जारी रखे हुए है। ये रडार इस तरह से डिजाइन किए गए हैं कि इन्हें आसानी से एक जगह से दूसरी जगह ले जाया जा सके और तेजी से तैनात किया जा सके। इससे सेनाओं को बदलते हुए खतरे के आकलन के आधार पर इन्हें अलग-अलग ऑपरेशनल सेक्टरों में ले जाने की सुविधा मिलती है। इनकी गतिशीलता इन्हें सीमावर्ती इलाकों में विशेष रूप से उपयोगी बनाती है, जहां बुनियादी ढांचा सीमित होता है, लेकिन त्वरित सैन्य प्रतिक्रिया जरूरी होती है। यह अधिग्रहण ऐसे समय में हुआ है, जब भारत अपने बहु-स्तरीय हवाई रक्षा नेटवर्क को आधुनिक बनाने के प्रयासों को तेज कर रहा है। विशेष रूप से बढ़ते ड्रोन युद्ध, स्टैंड-ऑफ हमलों और आधुनिक संघर्षों में सटीक-निर्देशित हवाई प्लेटफॉर्म के बढ़ते उपयोग को देखते हुए।

### चांद पर बसेरा और मंगल की तैयारी

# NASA का आर्टेमिस-2 मिशन क्यों है दुनिया के लिए बेहद खास?

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा कुछ दिनों में आर्टेमिस-2 मिशन को लॉन्च करने की योजना बना रही है। इसके तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को चांद पर भेजा जाएगा। चंद्रमा के चारों ओर उनकी यह यात्रा चांद पर उतरने और एक स्थायी बेस बनाने का रास्ता भी साफ करेगी। नासा ने आर्टेमिस मिशन में बड़े पैमाने पर संसाधनों का इस्तेमाल किया है। इस मिशन पर अब तक 93 बिलियन डॉलर खर्च होने का अनुमान है। इस मिशन में हजारों वैज्ञानिक भी शामिल हैं, जो दिन-रात एक कर मेहनत कर रहे हैं। लेकिन सवाल यह है कि जब इंसान पहले ही चांद पर छह बार उतर चुका है, तब नासा इतना भारी भरकम खर्च कर फिर उसे ही दोहराने की तैयारी क्यों कर रहा है।



### चांद पर पहुंचने की होड़ में क्यों हैं देश?

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, चंद्रमा की जमीन भले ही सूखी, धूल भरी और बंजर दिखाई दे, लेकिन असल में ऐसा बिल्कुल नहीं है। नेचुरल हिस्ट्री म्यूजियम की ग्रह वैज्ञानिक प्रोफेसर सारा रसेल का कहना है कि चांद में भी वही तत्व मौजूद हैं, जो हमारी पृथ्वी पर हैं। उन्होंने कहा, 'इसका एक उदाहरण हैं 'रेयर अर्थ एलिमेंट्स' (दुर्लभ मृदा तत्व), जो धरती पर बहुत कम मिलते हैं; हो सकता है कि चांद के कुछ हिस्सों में ये इतनी ज्यादा मात्रा में मौजूद हों कि हम उन्हें वहां से निकाल सकें।' उन्होंने कहा कि चांद पर लोहा और टाइटेनियम जैसी धातुएं भी हैं, और हीलियम भी है।

### आर्टेमिस-II मिशन के बारे में जानें

1. NASA का आर्टेमिस-II मिशन अप्रैल 2026 में लॉन्च होने वाला है। यह एक ऐतिहासिक 10-दिवसीय मानवयुक्त मिशन है।
2. आर्टेमिस-II मिशन में ओरियन अंतरिक्ष यान के जरिए चार अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा के चारों ओर ले जाया जाएगा।
3. आर्टेमिस-II मिशन भविष्य के आर्टेमिस-III लैंडिंग मिशन के लिए महत्वपूर्ण प्रणालियों का परीक्षण करेगा।
4. आर्टेमिस-II मिशन का उद्देश्य ओरियन यान की लाइफ सपोर्ट सिस्टम का परीक्षण करना है, ताकि अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।
5. इस मिशन में नासा के रीड वाइसमैन (कमांड), विक्टर ग्लोवर (पायलट), क्रिस्टीना कोच (स्पेशलिस्ट) और कनाडा के जेरेमी हैनसेन (स्पेशलिस्ट) शामिल हैं।

### चांद पर पानी की खोज जरूरी क्यों?

वैज्ञानिकों के अनुसार, चांद के जिस संसाधन की सबसे ज्यादा मांग है, वह है पानी। चांद के कुछ खनिजों में पानी फंसा हुआ है। इसके ध्रुवों पर काफी मात्रा में पानी मौजूद है। प्रोफेसर सारा रसेल का कहना है कि चांद पर कुछ ऐसे गड्ढे भी हैं, जहां हमेशा परछाई रहती है। ऐसे में वहीं बर्फ जमने का अंदेशा भी है। उन्होंने कहा कि अगर आप चांद पर रहना चाहते हैं, तो पानी तक पहुंच होना सबसे ज्यादा जरूरी है। यह न सिर्फ पीने का पानी देता है, बल्कि इसे हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में भी तोड़ा जा सकता है। इससे अंतरिक्ष यात्रियों को सांस लेने के लिए ताजी हवा मिल सकती है और हाइड्रोजन से अंतरिक्ष यानों के लिए ईंधन की व्यवस्था की जा सकती है।

### अंतरिक्ष में वर्चस्व की दौड़

अमेरिका, चीन और रूस के बीच अंतरिक्ष में वर्चस्व की जंग जारी है। अमेरिका ने 1960 और 1970 के दशक में अपोलो मिशन लॉन्च कर सोवियत संघ को पीछे छोड़ने की कोशिश की थी, लेकिन इस बार उसका मुकाबला चीन के साथ है। चीन अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम को तेजी से बढ़ा रहा है। उसने चांद पर कई बार रोबोट और रोवर को सफलतापूर्वक उतारा है। चीन का दावा है कि वह 2030 तक इंसानों को भी चांद तक पहुंचा देगा। ऐसे में अमेरिका और चीन, दोनों ही उन इलाकों तक पहुंच बनाना चाहते हैं जहां सबसे ज़्यादा संसाधन मौजूद हैं। इसका मतलब है चांद पर सबसे अच्छी जगह पर कब्जा करना। संयुक्त राष्ट्र की 1967 की 'आउटर स्पेस ट्रीटी' (बाह्य अंतरिक्ष संधि) के अनुसार, कोई भी देश चांद पर अपना मालिकाना हक नहीं जता सकता।

New Delhi

# कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर की कीमत में 195.50 रुपये की बढ़ोतरी, घरेलू गैस में नहीं हुआ कोई बदलाव

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच सरकारी कंपनियों ने बुधवार को कमर्शियल एलपीजी की कीमत में 195.50 रुपये की बढ़ोतरी की है। यह बढ़ोतरी 19 किलो सिलिंडर पर की गई है। हालांकि, सरकारी कंपनियों की ओर से घरेलू सिलिंडरों के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। घरों में इस्तेमाल होने वाली एलपीजी गैस की दरें पहले के जैसी ही हैं। कमर्शियल सिलिंडरों के दामों में हुई यह वृद्धि सीधे तौर पर पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण वैश्विक तेल कीमतों में आई तेजी का नतीजा है। नई दरें लागू होने के बाद दिल्ली में 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक



एलपीजी सिलिंडर की कीमत अब 2,078.50 रुपये हो गई है। सरकारी तेल कंपनियों ने इससे पहले एक मार्च को 19 किलोग्राम के सिलिंडर पर 114.5 रुपये की वृद्धि की थी। हालांकि, सरकार की ओर से घरेलू एलपीजी की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। 14.2 किलोग्राम के सिलिंडर के लिए पिछली बार सात मार्च को 60 रुपये की वृद्धि की गई थी। दिल्ली में यह सिलेंडर अब 913 रुपये में उपलब्ध है। सरकारी स्वामित्व वाली इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम हर महीने की पहली तारीख को अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क और विनिमय दर के आधार पर विमानन टरबाइन ईंधन (ATF) और एलपीजी की कीमतों में संशोधन करती हैं।

P. Bangal

## कोलकाता में सोना पप्पू के घर ED का छापा, फ्लैट देने के नाम पर गबन का आरोप



**कोलकाता, (एजेंसी)** प्रवर्तन निदेशालय (ED) की टीम ने कोलकाता में रियल एस्टेट डेवलपर सोना पप्पू के आवास पर छापेमारी शुरू कर दी है. ये कार्रवाई फ्लैट देने के नाम पर ग्राहकों से जमा किए गए पैसों की हेराफेरी और गबन के आरोपों के तहत की जा रही है.

जांच ईडी की टीम सोना पप्पू के निवास के साथ-साथ कोलकाता स्थित उनसे जुड़ी एक अन्य कंपनी के ठिकानों में भी तलाशी ले रही है. ईडी को संदिग्ध वित्तीय लेन-देन और ग्राहकों के धन को व्यक्तिगत लाभ के लिए इस्तेमाल करने के इनपुट मिले थे. इस छापेमारी का मुख्य उद्देश्य मनी लॉन्ड्रिंग के सबूत जुटाना और हेराफेरी किए गए धन के स्रोत का पता लगाना है.

बिल्डर सोना पप्पू पर आरोप है कि उन्होंने कई प्रोजेक्ट्स में फ्लैट देने का वादा कर आम लोगों से मोटी रकम वसूली थी. ग्राहकों का दावा है कि लंबे वक्त के बाद भी उन्हें न तो फ्लैट मिले और न ही उनका पैसा वापस किया गया. ईडी अब इन प्रोजेक्ट्स से जुड़े बैंक खातों और निवेश के दस्तावेजों की जांच कर रही है, ताकि ये पता चल सके कि पैसा कहां भेजा गया.

सूत्रों का कहना है कि सोना पप्पू के घर के अलावा कोलकाता में उनसे जुड़ी एक अन्य कंपनी पर भी छापेमारी की जा रही है.

ईडी इस बात की जांच कर रही है कि क्या इस घोटाले में कुछ अन्य बड़े नाम या फर्जी कंपनियां भी शामिल हैं. फिलहाल छापेमारी जारी है और जांच एजेंसी ने अभी आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है.

Uttarpradesh

## एमबीए छात्र ने फीस चुकाने के लिए किडनी बेची, 9 लाख में सौदा मिले सिर्फ 3.5 लाख

**कानपुर, (एजेंसी)** देहरादून के एक नामी कॉलेज में एमबीए चतुर्थ सेमेस्टर की पढ़ाई कर रहा छात्र अपनी फीस जमा करने को किडनी बेचने को तैयार हो गया। उसने ऑपरेशन करवाकर किडनी निकलवा तो ली, लेकिन उसके साथ धोखाधड़ी हो गई। पुलिस को उसने बताया कि पहले नौ लाख रुपये में सौदा तय हुआ था, लेकिन बाद में यह लोग छह लाख ही देने को तैयार हुए। ऑपरेशन होने के बाद खाते में 3.50 लाख रुपये ही दिए। उसने पुलिस से बकाया पैसा दिलाने की भी मांग की।

कानपुर डीसीपी वेस्ट जोन एसएम कासिम आबिदी ने बताया कि आयुष कुमार बिहार के समस्तीपुर का रहने वाला है। वह देहरादून में एमबीए कर रहा है। उसने पुलिस को बताया कि परिवार में मां, छोटा भाई और बहन है। पिता ने किसी कारण से आत्महत्या कर ली थी। इसके चलते पढ़ाई छूटने के डर से वह किडनी बेचने को तैयार हो गया।

Jammu & Kashmir

## कश्मीर में फिर दिखे आतंकी, गांदरबल में फायरिंग की आवाज, सर्च ऑपरेशन तेज

**जम्मू, (एजेंसी)** जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के खिलाफ अभियान निरंतर जारी है। इसी क्रम में सुरक्षा बलों ने गांदरबल के अरहामा गांव के जंगल वाले इलाके में घेराबंदी और सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। इसी दौरान फायरिंग की आवाज सुनाई दी। एक पुलिस अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है। इसके बाद सर्च ऑपरेशन को और सघन कर दिया गया है।

सेना ने कहा कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर गांदरबल के अरहामा क्षेत्र में जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया। सेना के श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर लिखा, 'तलाशी अभियान के दौरान सतर्क सैनिकों ने संदिग्ध गतिविधि देखी। चुनौती मिलने पर आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी और हमारे सैनिकों ने जवाबी कार्रवाई की।



अभियान जारी है।'

सूत्रों ने कहा कि गोलीबारी के बाद किसी भी तरह की घुसपैठ रोकने के लिए पूरे इलाके को तुरंत घेर लिया गया। अतिरिक्त सुरक्षा बल घटनास्थल पर भेजे गए, वहीं वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी भी अभियान की निगरानी करने वहां पहुंचे। संदिग्धों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान जारी है और आगे की जानकारी की प्रतीक्षा है।

खेल

# कूपर कोनोली ने प्रसिद्ध की मेहनत पर फेरा पानी, डेब्यू मैच को बनाया यादगार; पंजाब की जीत में चमके

**मुल्लांपुर, (एजेंसी)** शीर्ष क्रम के बल्लेबाज कूपर कोनोली के दम पर पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को तीन विकेट से हराकर जीत से शुरुआत की। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट पर 162 रन बनाए। जवाब में डेब्यू मैच खेलने वाले कोनोली ने शानदार नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली जिससे पंजाब किंग्स ने 19.1 ओवर में सात विकेट पर 165 रन बनाकर मैच जीता। पंजाब किंग्स की स्थिति एक समय नाजुक हो गई थी, लेकिन कोनोली ने एक छोर से मोर्चा संभाला और टीम को जीत दिलाई।

पंजाब ने इस तरह आईपीएल 2026 सीजन की शुरुआत जीत से की है। पंजाब अगर ये मैच अपने नाम कर सकी तो इसका सबसे ज्यादा श्रेय कोनोली को जाता है जो अंत तक टिके रहे। कोनोली 44 गेंदों पर पांच चौकों और पांच छक्कों की मदद से 72 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, प्रभसिमरन सिंह ने



37 रन की पारी खेली। गुजरात के लिए प्रसिद्ध कृष्णा ने तीन विकेट झटके, जबकि रबादा, अशोक, राशिद और वाशिंगटन को एक-एक विकेट मिला।

लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात ने पंजाब को पहला झटका जल्दी दिया। इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे प्रियांश आर्या सात रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कोनोली और प्रभसिमरन सिंह ने दूसरे विकेट के लिए 76 रनों की साझेदारी कर पंजाब को संभाला। राशिद ने हालांकि, प्रभसिमरन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा।

मैच में हल्की-हल्की बारिश भी हो रही थी जिस कारण पंजाब ने आक्रामक बल्लेबाजी की। श्रेयस ने भी दो छक्के लगाकर इरादे जाहिर कर दिए। लेकिन प्रसिद्ध कृष्णा ने श्रेयस (18), शशांक सिंह (4) और मार्कस स्टोइनिस (0) को आउट कर पंजाब की पारी लड़खड़ा दी। हालांकि, कोनोली अंत तक टिके रहे और टीम को जीत दिलाकर पवेलियन लौटे। पंजाब के लिए जेवियर बार्टलेट पांच गेंदों पर एक छक्के की मदद से 11 रन बनाकर नाबाद रहे।

इससे पहले, पंजाब ने गुजरात को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। गुजरात ने शुरुआत अच्छी की, लेकिन टीम इस लय को बरकरार नहीं रख सकी। लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए मध्य के ओवरों में गुजरात टाइटंस पर दबाव बनाने में मदद की, जबकि विजयकुमार विशाक ने शानदार गेंदबाजी की जिससे गुजरात की टीम बड़ा स्कोर नहीं बना सकी। बल्लेबाजी के इस फीके प्रदर्शन में गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल (27 गेंदों में 39 रन) और जोस बटलर (33 गेंदों में 38 रन) ने योगदान दिया।

बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद गिल ने बेहतरीन लय में दिख रहे थे, उन्होंने चौकों-छक्कों की झड़ी लगा दी जिससे टीम तीन ओवरों में ही 35 रन तक पहुंच गई। इससे पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर को गेंदबाजी में बदलाव करना पड़ा और उन्होंने लंबे कद के मार्को यानसेन को गेंद सौंपी।

सिनेमा

## रणबीर कपूर ने पहले रिजेक्ट कर दिया था भगवान राम का किरदार, फिर ऐसे बदली उनकी सोच



रणबीर कपूर की फिल्म रामायण का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जबसे इस फिल्म की अनाउंसमेंट हुई है तबसे फैंस बस इस मूवी को देखने का इंतजार कर रहे हैं। अब हाल ही में रणबीर ने फिल्म की टीम के साथ पहली झलक लॉन्च की है न्यू यॉर्क में। इस दौरान रणबीर ने जय श्री राम भी बोला और फिर किरदार को लेकर बात की। रणबीर ने बताया कि कैसे उन्होंने खुद को तैयार किया। इतना ही नहीं रणबीर ने यह भी बताया कि पहले उन्होंने इस रोल को रिजेक्ट कर दिया था। रणबीर के इवेंट से कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। रणबीर ने किरदार के लिए कैसे खुद को तैयार किया इस पर वह बोले, 'मैंने पहले रामानंद सागर की रामायण देखी। ये शो हमारे अंदर इतना भरा हुआ है और हमें भगवान राम की जर्नी और स्टोरी पर गर्व है।' रणबीर ने आगे कहा, 'जब मुझे भगवान राम का किरदार निभाने का मिला तो जाहिर सी बात है उसके लिए काफी तैयारी करनी थी। ना सिर्फ फिजिकल बल्कि इमोशनल और स्पिरिचुअल। उनको समझना था और बस सच्चा रहना था।' रणबीर ने फिर बताया कि उन्होंने पहले रामायण में अपने किरदार को रिजेक्ट कर दिया था। वह बोले, 'मुझे याद है जब नमित(फिल्म के प्रोड्यूसर) ने मुझे रोल ऑफर किया 4 साल पहले, मैंने तुरंत मना कर दिया था। मैंने कहा था कि मैं इसमें फिट नहीं बैठूंगा। मैं इसके साथ पूरा इंसाफ नहीं कर पाऊंगा।'

## Highlights

1.

2. India's 1st Musical road to shut at night: BMC after noise complaints

3. Ashwini Bhide becomes BMC's first woman commissioner

4. Flyover extension plan aims to ease Mysuru Road traffic woes

5. Major road upgrades and skywalk plan unveiled in BSCC budget

6. Missing girl found dead in B'luru, police probe suspected murder

# Iran war can cut India GDP growth rate by 100 bps in FY27, EY says

**NEW DEIHI, (Agency).** The month-long Iran war, which is showing no signs of abating, can shave India's GDP growth rate by a full percentage in FY27, according to an EY report.

The fastest growing major economy in the world is likely to grow at roughly 6% as against a baseline of 7% estimated earlier, as retail inflation spikes by up to 150 basis points over the Reserve Bank of India's target of 4% due to a domino effect brought on by a surge in crude oil prices—a direct fallout of the Iran war, EY said in its Economy Watch report.

EY had projected India's GDP growth rate at 6.8% to 7.2% in FY27.

One basis point is one-hundredth of a percentage point.

India is seen as most vulnerable to the volatility unleashed by the Iran war, as the world's fourth largest economy imports nearly 85% of its crude oil requirements, alongside a heavy dependence on foreign natural gas and



fertilisers. Already, an LPG shortage is showing across crores of households of India.

"Even if the conflict is resolved in the near term, some of these disruptions may take considerable time to normalise," the EY report stated, noting that supply, storage, and transportation networks have already sustained significant damage.

Iran war impact on India's economy

The report identifies a cluster of employment-heavy industries at immediate risk:

Manufacturing: Textiles, paints, chemicals, and tires.

Infrastructure: Cement and fertilizers.

Consumption: A potential slump in aggregate demand as income and employment in these sectors face downward pressure.

To counter the headwind, the so-called Big 4 consulting firm suggests New Delhi may need to deploy "substantive countercyclical" measures.

This includes mobilising large industrialised states to join central efforts to bolster the Economic Stabilisation Fund (ESF)—a ₹1-lakh crore financial buffer established in FY26 designed to protect the economy against such global crises.

# Google finally allows users to change Gmail address, but only in US

**NEW DEIHI, (Agency).** Alphabet Inc.'s Google has finally allowed users to change their primary Gmail address without abandoning the account, in what can be seen as an attempt by the world's largest email service to be as flexible as rivals Outlook and Apple.

The Mountain View, California-based company said US users can now modify the "username" portion of their @gmail.com accounts, which may have been created in their adolescence but no longer



reflect their professional lives. Until now, changing a Gmail address required abandoning an existing account altogether and manually migrating years of emails, photos, and third-party logins.

Google's new system treats the shift as a "permanent alias" model. When a user selects a new address, their old one remains linked to the account, ensuring that messages sent to the legacy handle still arrive in the same inbox.

"Your digital identity just got an upgrade," the company said in a blog post, noting the feature began a quiet rollout last year before reaching full US availability this week. "We started rolling this out to help your account grow with you."

The policy change signals a shift in how Silicon Valley views digital permanence. For over two decades, a Gmail address was treated as a primary key—a fixed data point around which an entire ecosystem of services was built.

# किन्नरों का उत्पात, नेग के नाम पर हंगामा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लसूडिया इलाके में किन्नरों द्वारा उपद्रव के दो मामले सामने आए हैं। नेग (मुहूर्त) के नाम पर जबरन पैसे मांगने, अभद्रता और धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं। पुलिस को शिकायत दी गई है और मामले की जांच की जा रही है।**

महालक्ष्मी नगर निवासी डॉ. आशीष चौहान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 23 मार्च की सुबह किन्नरों का एक समूह उनके भाई के घर में घुस गया। उस समय घर में महिलाएं अकेली थीं। आरोप है कि किन्नरों ने नेग के नाम पर 50 हजार रुपए की मांग की और अभद्र व्यवहार करते हुए अश्लील हरकतें कीं। पीड़ित के अनुसार, सूचना मिलने पर पुलिस को डायल-100 पर बुलाया गया। आरोप है कि मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों के सामने ही किन्नरों को 80 हजार रुपए दिलवाए गए। घटना के सीसीटीवी फुटेज और रिकॉर्डिंग होने का भी दावा किया गया है। मामले की शिकायत सीएम हेल्पलाइन और तारेश सोनी (टीआई, लसूड़िया) को दी गई है।



इससे पहले तुलसी नगर निवासी आशीष दुबे के घर भी किन्नरों द्वारा हंगामा करने का मामला सामने आया था। पीड़ित के अनुसार, 6-7 किन्नर बिना अनुमति घर में घुस आए और 51 हजार रुपए की मांग करने लगे। परिवार द्वारा कम राशि देने की बात कहने पर आरोप है कि उन्होंने अश्लील हरकतें कीं, धमकाया और घर में तोड़फोड़ की। पीड़ित ने बताया कि किन्नरों ने विरोध करने पर उसकी मां के साथ मारपीट की, बाल पकड़कर खींचा और जान से मारने की धमकी दी। यहां तक कि घर में रखी देवी-देवताओं की मूर्ति उठाकर फेंकने का भी आरोप लगाया गया है। शोर-शराबा होने पर पड़ोसी और अन्य लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद स्थिति नियंत्रित हुई। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही लसूड़िया थाने में किन्नरों के व्यवहार को लेकर बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें तुलसी नगर की घटना पर सामूहिक माफी भी मंगवाई गई थी। इसके बावजूद दोबारा ऐसी घटना सामने आने से क्षेत्र में आक्रोश है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है और तथ्यों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक